2. I am to request that the concurrence of Rajya Sabha in the said motion, and also the names of the members of Rajya Sabha so nominated, may be communicated to this house."

(II)

"I am directed to inform you that Lok Sabha, at its sitting held on Wednesday, the 10th June, 1998, adopted the following motion:—

"That this House do recommend to Rajya Sabha that Rajya Sabha do agree to nominate seven members from Rajya Sabha to associate with the Committee on Public Undertakings of the House for the term ending on the 30th April, 1999 and do communicate to this house the names of the members so nominated by Rajya Sabha."

2. 1 am to request that the concurrence of Rajya Sabha in the said motion, and also the names of the members of Rajya Sabha so nominated, may be communicated to this House."

(Ill)

"I am directed to inform you that Lok Sabha, at its sitting held on Wednesday, the 10th June, 1998, adopted the following motion:—

"That this House do recommend to Rajya Sabha that Rajya Sabha do agree to nominate ten members from Rajya Sabha to associate with the Committee on the Welfare of Scheduled Castes and Scheduled Tribes of the House for the term ending on the 30th April, 1999 and do cummunicate to this House the names, of the members so nominated by Rajya Sabha."

2. I am to request that the concurrence of Rajya Sabha in the said motion, and also the names of the members of Rajya Sabha so nominated, may be communicated to this House."

THE MINISTER OF URBAN-AFFAIRS AND EMPLOYMENT (SHRI RAM JETHMALANI): I apologise to the House ftor coming late, Sir. *(Interruptions)...*

SHRIMATI KAMLA SINHA (Bihar): This is the second time this has happened. उन को याद करा दीजिए कि ऐसी गलती न होने पाए ताकि दोबारा माफी मांगनी न पड़े।

**श्री अनन्तराय देवशंकर दवे (गुजरात) :** उपसभाध्यक्ष जी, अभी मुझे टेलीफोन मिला है कि गुजरात के प्रमुख पोर्ट कांडला पोर्ट की स्थिति भी पूरी तरह से तहस-नहस हो गयी है। **...(व्यवधान)...** वहां दस हजार लोगों की झोपंडियां पर पानी फिर गया है वहां मृतकों की संख्या बहुत बड़ी तादाद में बढ़ गयी है और परिस्थिति बहुत गंभीर है। मैं मांग करता हूं कि केन्द्र जल्द-से-जल्द राहत की सुविधा वहां पहुंचाए। सारा प्रदेश बिल्कुल कट-आफ हो गया है, पीने के पानी की समस्या भी खड़ी हो गयी है **...(व्यवधान)...**

**उपसभाध्यक्ष (श्री मोहम्मद सलीम) :** ठीक है, मंत्री महोदय यहां है। वह सरकार की तरफ से नोट लेंगे सरकार की तरफ से व्यवस्था होनी चाहिए।

SHRI BRAHMAKUMAR BHATT (Gujarat): Sir, *...(Interruptions)...*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI MD. SALIM): I am not allowing. Nothing will go on record. The Government will take a note of it.

SHRI BRAHMAKUMAR BHATT: Sir,*

**Riots in Hyderabad (Contd.)**

SHRI M. VENKAIAH NAIDU: Sir, in Hyderabad even earlier also there were incidents of Kashmiri militants hiding in the city. There are enough number of instances when these militants were caught. One of the occasions was when one of the militants killed an Additional Superintendent of Police and afterwards he was caught. There are also

incidents of ISI taking shelter in Hyderabad. In addition to this, recently one DGIS, a fundamentalist organisation which is aided from a foreign country has spread its tentacles in Hyderabad city. They are carrying on anti-national and anti-social activities. .With DJS and ISI activities which arc now spreading their tentacles in Hyderabad city, activities of Kashmiri militants in the Hyderabad city have also been coupled together. It will pose a serious threat to the security of the country, the State and the people along with a danger to communal amity in Hyderabad. That being the case, I call upon the Governments, both the Central and the State, to take stern action against these people and also to see to it that such people who arc coming from Pakistan and who arc over-staying in Hyderabad after expiry of their visa have to be identified and they have to be sent back to their respective countries.

Secondly, the elements who have sheltered these ISI agents in Hyderabad City..".(Time-bell rings) I am concluding Sir. I am not taking more time. I will go by your decision. One of the persons who was arrested earlier under TADA was the son of a farmer MLA of the MBT Party. There was enough proof that he was hand-in-glove with the international agencies which arc trying to create trouble in Hyderabad City.

Going by the background of these things and going by the reports that have come in—it has been mentioned that on Friday, after the prayers were over, people- came out with petrol cans; these arc newspaper reports—it is very clear that the riots were instigated and preplanned, in order to embarrass the State Government, in order to create communal tension.

I would request the Government to order a judicial enquiry so that the real culprits could be brought to book. *(Interruptions)...*

SHRI NILOTPAL BASU: He has already said this. *(Interruptions)...*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI MD. SALIM): He is concluding.

SHRI M. VENKAIAH NAIDU: 1 do not know why he is angry with me.

SHRI NILOTPAL BASU: Absolutely not. *(Interruptions)...*

SHRI M. VENKAIAH NAIDU: I am concluding. We had enough patience to hear them.

I would request the Government to order a judicial enquiry. They should also take stern action against the people who distributed this pamphlet. Action should also be taken against those people who were responsible for destroying eighteen RTC buses; and those responsible for the loss of so many lives—Hindus as well as Muslims—in Hyderabad City.

Thank you very much. Sir.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI MD. SALIM): Shri C. M. Ibrahim. He is not here. Shri Wasim Ahmad. He is also not here. Dr. Radhakrishna Murty.

DR. Y. RADHAKRISHNA MURTY (Andhra Pradesh): Mr. Vicc-Chairman, Sir, it is a fact that communal riots did take place often in Hyderabad. It is also a fact that fundamentalist organisations of both the major communities arc on the' prowl in Hydrabad City, in the old city, for the last so many decades. But, the history of this docs not minimise the importance of the present riots. This is the first point I would like to make.

People have been trying to say that such things have been happening for the last many years in Hyderabad and that it is nothing new. I think such a stand is not a correct one.

It is unfortunate if one seeks to politicise these dastardly acts and just transfer the responsibility from one place to another. We should collectively think and find out the basic reasons, the basic casuscs, for the this situation and try to rcctifiy it.

Sir, it is known that tension was prevailing for some days, before these riots. But no preventive action was taken.

It is a clear case of failure on the part of the Administration. Sir, 1 was there on the 6th and 7th of this month. 1 visited the place. I also visited the hospital and saw the patients. I talked to the patients as well as the relatives of the patients. 1 found that most of the people who were admitted in the Osmania Hospital there were about forty people in the hospital—were very poor people—rickshaw-pullers, vendors, etc. People who were just going round the bazar and those who were taking their food in their house were stabbed, beaten and killed. Such dastardly things have happened.

First of all, 1 would like to submit that all of us should unequivocally condemn these dastardly acts; irrespective of the party to which we belong. Secondly, a judicial enqury should be instituted to apprehend the instigators and the other culprits. 1 aid sec that cartoon. I have seen that cartoon. It was a very provocative cartoon. It showed Ganesh, with two large feet pressing on Mecca

and Madina. It was a very provocative cartoon. I do not know what had done it; who was responsible for this. It is not a qucstioli of this community or that community. It is not a question of any community. It is the fundamentalist groups of both the communities which arc perpetrating such acts. This is the point I would like to impress upon.

More important than this is; peace committees should be formed; particularly, in the old city. These committees should consist of all the Secular parties -and individuals and we should sec that communal amity prevails in the city and such acts arc not repeated. The administrative machinery should also be streamlined so that it becomes proactive.

Thank you. Sir.

**श्री ईश यादव (उत्तर प्रदेश) :** माननीय उपसभाध्यक्ष जी, हैदराबाद में जो दुखद घटना हुई है, उनकी निंदा होनी चाहिए और हम समझते हैं कि यह बहुत भयंकर घटना हुई है । श्री के.एम. खान साहब ने काफी विस्तार से इसको लाया है । हमारी मांग है कि सरकार को, केन्द्र सरकार को और राज्य सरकार को, इसको गंभीरता से लेना चाहिए ।

महोदय, यह देश लगभग 100करोड़ लोगों का देश होने जा रहा है इस देश में विभिन्न धर्म के, विभिन्न विचारधारा के लोग रहते हैं । इस देश में हिन्दू, मुस्लिम, सिख, ईसाई सबको अपने-अपने धर्म और मजहब को मानने का हक है । मंदिर, मस्जिद, गिरिजाघर, सबका सम्मान करना हम देशवासियों का कर्त्तव्य है । इस घटना में जो लोग दोषी है उनको सजा दी जाए इस पर इस सदन को और सरकार को गंभीरता से विचार करना चाहिए । श्री नायडु जी पुराने नेता है लेकिन इस सदन में नये हैं । उन्होनें इसको और विवादस्पद बना दिया है, मेरा मानना है कि इसको राजनीतिक रूप से नहीं दिया जाना चाहिए । श्री नायडु अभी आंकडें पेश कर रहें थे कि कांग्रेस के समय इतनी घटनाएं इस प्रकार की हुई, फलां मुख्य मंत्री के समय इतनी घटनाएं हुई, में जानना चाहता हूं कि क्या आप भी उसकी पुनरावृत्ति करना चाहते हैं ? आप सरकारी पार्टी के आदमी है, सरकारी पार्टी के आदमी को अपना बचाव करने की जरूरत नहीं हैं । इसमें हम आपकी सरकार को दोषी नहीं मानते हैं, केन्द्र सरकार को, और न तो अभी राज्य सरकार को हम दोषी मानते हैं इस स्टेज पर, लेकिन गलती जरूर हुई है ।हर प्रदेश में इंटेलिजेंस होती है, सैंटल गवर्नमेंट की भी इंटेलिजेंस की ऐजेंसी होती है तो उनको यह देखना चाहिए था कि इस तरह का पर्चा जब बंटा था तो उसपर प्रॉमट एक्शन लिया जाता और जहां से यह षड़यंत्र शुरू हुआ था, उसको वहीं शुरूआत में ही दबा दिया जाता । अगर राज्य सरकार या केन्द्र सरकार की इंटेलिजेंस एजेंसी ने इसको गंभीरता से लिया जाता है, तो शायद इतने घर न जलते, इतनी जानें न जाती – बेगुनाह लोग, रिक्शा चलाने वाले लोग सड़क पर चलने वाले लोग जान से नहीं मारे जाते । जिन लोगों की जानें चली गई, जिनके घर जला दिये, दुकानें जला दी गई और जिस तरह से हैदराबाद में शांति को भंग किया गया, वह निन्दनीय है और उन सबको वापिस नहीं लाया जा सकता लेकिन उस पर कार्रवाई की जा सकती है । दो तरह से प्रिवेंटिव कार्रवाई की जा सकती है ताकि इस पर तरह की घटनाएं न हों । अगर इस तरह के पर्चे सड़कों पर फैलें हुये थे तो मैं जानना चाहता हूं कि केन्द्र सरकार की और राज्य सरकार की इंटेलिजेंस एजेंसियों ने क्या किया ? केन्द्र सरकार और राज्य की ये एजेंसियां किस लिये होती हैं ? अब वह घटना हो गई है तो इस घटना को छिपाने के लिये पार्टी लाइन पर काम नहीं होना चाहिए । मैं इस

बात से सहमत नहीं,आप जो आंकड़े दे रहें हैं, सरकारी पार्टी होकर, कि इतनी घटनांए हुई हैं- क्योंकि हजार घटनाएं कभी हुई थी, कमी दो हजार हुई थी, कभी पाचं सौ हुई थीं, तो इस घटना को आप नगण्य मान रहें हैं, मैं इस बात से सहमत नहीं हूं।

इन्हीं शब्दों के साथ श्री के. एम. खान साहब ने जो मांग की हैं और नायडू साहब ने भी मांग की हैं, मैं उनका समर्थन करता हूं कि इस घटना को गंभीरता से लेना चाहिये, इसकी उच्चस्तरीय जांच होनी चाहिये और जिन लोगों की जान गई हैं उनको जांच लाख से लेकर दस लाख तक सरकसार को, केन्द्रीय सरकार और प्रदेश सरकार दोनों को मिलकर के उनको मुआवजा देना चाहिये और भविष्य में इस विशाल देश में इस तरह की घटनाएं न हों, ऐसी व्यवस्था करनी चाहिये। में इसको हिन्दू-मुस्लिम दंगा नहीं कहता हूं, मैं इसको पार्टी का भी झगड़ा नहीं कहता हूं, इस देश में कुछ मिसक्रिएंट लोग हैं, कुछ फास्टि लोग हैं, कुछ रीएक्सशनरी लोग हैं और कुछ ऐसे लोग हैं जो समाज में अशांति पैदा करना चाहते हैं यह घटना उनके कारण हुई हैं। मैं कहना चाहता हूं कि ऐसे लोगों का पता लगाकर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिये, प्रिवेंटिव एक्शन होना चाहिये ताकि देश में इस तरह की घटनाएं दोबारा न हों और देश टूटने और तबाह होने से बच जाए।

मान्यवर, आपने मुझे बोलने के लिये समय दिया, मैं आपको ह्रदय से धन्यवाद देते हुए इन्हीं शब्दों के साथ अपनी बात समाप्त करता हूं।

SHRI V. KISHORE CHANDRA S. DEO (Andhra Pradesh): Mr. Vice-Chairman, Sir, we are discussing the communal riots in Hyderabd, for which all of us should hang our heads in shame.

Mr. Vicc-Chairman, Sir, it is a fact that over a period of time communal riots have now and then occurred in Hyderabad. But, I am sure that this entire House will, in one voice, condemn those who are trying to justify these communal riots on the pretext that such incidents had taken place earlier also.

Just because they had taken place earlier, is it that by giving figures they are trying to justify that these things can happen or should happen or can continue to happen. Sir, one should get at the root of the problem and find out why it has happened? The hon. Member, Shri Ish Dutt Yadav, who spoke before me, said that there was some kind of an administrative failure. My other colleagues, Mr. K.M. Khan and Shri Venkaiah Naidu also come from Hyderabad. They all said that highly objectionable anc* provocative pamphlets were distributed for about a week or ten days before this actual incident occurred. What was the administration doing? What was the police doing during this period? That is a question that I would like to ask. This is actually a manifestation of what has gripped my State today. There has been a total law and order failure. There has been a complete breakdown of the Constitutional machinery. This is a reflection of the seriousness of the situation and the vitiated atmosphere in the State. Sir, it is not a question of people dying of communal violence in Hyderabad. Are we not worried if people die in other parts of the State? My friends sitting on the other side would be aghast to know that even temple jewelleries have not been spared. There have been three thefts in three temples, not in Mathura, Kanshi, Vis-hwanath, but in one temple at Tirupati. That was in the Varadaraja temple, where certain ornaments, donated by one of our colleagues in the other House, were selectively stolen. Thefts have occurred in Vijaywada, and in Srikakulam and nobody has been apprehended till today. Sir, not a day goes by in the entire State, when one of those land mines do not... *(Time Bell rings)* Sir, I belong to that State. I plead with you to give me a few more minutes.

Sir, not a day passes by without a land-mine exploding or without people dying. Can anybody dt»ny that there, was an incident where 69 convicts escaped on one day from one prison?

DR. Y. LAKSHMI PRASAD (Andhra Pradesh): Sir, the subject is Communal Riots in Hyderabad.

DR. ALLADI P. RAJKUMAR: Sir, he is referring to failure of law and order situation, the police failure... *(Intemtp-lioas)* Kindly look at the notice. It is regarding riots in Hyderabad.

SHRI V. KISHORE CHANDRA S. DEO: Sir. in Karimnagar town, the entire police...

DR. ALLADI P. RAJKUMAR: Sir, he is deviating from the subject. Hyderabad and Karim nagar are different.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI MD. SALIM): Please conclude.

SHRI V. KISHORE CHANDRA S. DEO: Sir, I am getting down to the root cause why the police has not been active. The people have no confidence in the police because the State Government uses the police as an instrument to fructify their political games or to wreak vengeance on their enemies. The policemen ransacked the entire town. If the S.P. can just be transferred, what do you expect from that kind of a police today? It is the same police which did not act for eight or ten days even after these pamphlets were distributed. This is the situation that has been growing in my State of Andhra. Hyderabad is its capital. It is the manifestation of what is happening in different parts of the State. Sir, I would like to know whether the Central Government is going to take cognizance of this or not? Arc you going to ensure that there is going to be law and order there or are we going to stick to the niceties and think that this will be confined only to Hyderabad? After all, what is Hyderabad? Hyderabad means the whole of my State. If such things can happen in Hyderabad, you can imagine the plight of other parts of the State. Therefore, 1 demand that a team be sent there to study the law and order situation in the entire State, not only in Hyderabad; to go into the root causes as to why the police has not been active. Sir, you will be surprised at the kind of corruption that has been going on in my State. Police personnel have to pay large amounts of money to get recruited. Can you expect those policemen to act in a fair manner? This is precisely why the law and order situation has been deteriorating.

DR. ALLADI P. RAJKUMAR: Unnecessary provocative statements would not help.

SHRI V. KISHORE CHANDRA S. DEO: If reality is provocative, I cannot help.

DR. Y. LAKSHMI PRASAD: He is trying to defame our Government. Sir, have you permitted him to review the functioning of the Government?

SHRI V. KISHORE CHANDRA S. DEO: Yes, we have to review the performance of the Andhra Government in the light of the atrocities that are—being committed on the minorities and the people of my State. Certainly 1 have reason tor that. Mr. Vicc-Chairman. Sir. this is the context and climate and situation under which this incident has taken place in my State. Therefore, it is my bounden duty to apprise you and many other Members from all sides of the House as to what exactly has been happening there. Once you get a report, you have to take action. They may be supporting you today, tomorrow that support may not be there. Remember where they were a few months ago. I hope the Central Government, whoever may be there, will also act firmly and sec that something is done so that the Constitutional machinery there is restored. Thank you.

**डा. अलादी पी. राजकुमार :** उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं बहुत अफसोस से कह रहा हूं कि हैदराबाद में जो 5 तारीख को यह दंगा-फसाद हुआ हैं मैं उसको कंडेम कर रहा हूं क्योंकि चार सौ साल से हैदराबाद एक अच्छा शहर, एक पीसफुल शहर था। चन्द पौलिटिकल पार्टी आने के बाद for selfish gain, for the sake of power, they have utilised the communal riots. Sir, you know very well that in Hyderabed उस दिन 5 जून को फ्राइडे की नमाज होने के बाद 1-45 बजे तब तक कुछ भी नहीं था nothing was there. The situation was a little tense. Police was posted in all the placcs. After the Namaz was over, at 1.45 p.m. जो दोपहर में एकदम एक हजार मॉस्क्र से

बाहर आकर के बसों को जलाना शुरू किया तथा जो भी देखी उस दुकान को लूटना, बेकसूर लोगों को चाकू मारना, यह सब नमाज के बाद हुआ । The Chief Minister of my State at that time was in a Cabinet meeting. The moment be received the information, he sent the Health Minister to the Hospital to be stationed there. The Home Minister was sent to the spot. The whole day they were busy in getting the situation under control. क्यों अचानक जो प्रि-प्लांड कांसप्रेसी थी कुछ पौलिटिक्ल पार्टी ने प्रि-प्लांड करके पैट्रोल मास्क लेकर दुकानों पर, घरों पर जो दीखा उस पर फैंके । आप ही सोच लीजिए कि whether it was preplanned of spontaneous आपको सोचना चाहिए ।

आदरणीय उपसभाध्यक्ष महोदय, यह इंसोडेंस होने के बाद हॉस्पिटल में जितने भी केसेज आए हमारे कई मंत्री उधर रहे और जो केसेज हास्पिटल में ट्रीट करने का था उसको वहीं ट्रीट करें और उसके बाद निजाम इंस्टीट्यूट में भिजवाने के लिए कहा गया । Immediately the Home Minister reviewed the situation. The Chief Minister also reviewed the situation. He was continuously monitoring the situation. It happened all of a sudden. Everyone should condemn it. Hyderabad was so peaceful a city. Some anti-social elements took advantage. Communal parties and some political parties are behind it. Police have rounded up more than 600 people. Out of them, 155 were identified as those who had indulged in heinous activities.

SHRI K.M. KHAN: I want your protection, Sir. Most of the people arrested are innocent Muslims.

DR. ALLADI P. RAJKUMAR: Sir, he is unnecessarily...*(Interruptions)*

A Masjid has been burnt. Even some temples have been burnt.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI MD. SALIM): Mr. Rajkumar, don't get provoked.

DR. ALLADI P. RAJKUMAR: Sir, I am not getting provoked. I am informing the House about the real incident. जो हकीकत हैं वह मैं आपके सामने कह रहा हूं । मैं कोई गलत बात आपके सामने नहीं कह रहा हूं । जो हुआ, मैं वहीं बात आपके सामने कह रहा हूं । Immediately the situation was brought under control. Some sporadic incidents had occurred in the lanes and bylanes. By that time, the Chief Minister had contacted the Home Minister and requested him for additional forces. Immediately, the force was deployed—the Rapid Action Force, the paramilitary force and so on. All these police personnel were posted in the lanes and bylanes. It is unfortunate that this incident has occurred. मैं यह कहना चाहता हूं कि चंद लोगों के लिए रीसेन्टली बाय इलेक्शन हुए हमारी स्टेट में । तेलुगू देशम पार्टी 4 में से 3 पर थंपिंग मेजोरिटी से जीतो । उसके बाद चन्द्रबाबू नायडू साहब का ऐडमिनिस्ट्रेशन हैं, हैदराबाद या आंध्र प्रदेश में तो यह तो दुनिया जानती हैं । भरत ही नहीं,पुरी दुनिया जानती हैं कि हर व्यक्ति आज हमारे चीफ मिनिस्टर साहब की तारीफ कर रहा हैं, उनके ऐडमिनिस्ट्रेशन की तारीफ कर रहा हैं । चन्द दोस्तों ने मुझे संसद में बताया, मैं बहुत अफसोस से यह कह रहा हूं कि आज युनाइटेड फ्रंट पार्टी हेडलेस पार्टी हो गई हैं । उन लोगों का कोई कैप्टन नहीं हैं, कोई कमांडर नहीं हैं आगे ले जाने के लिए इसलिए ये लोग आज ऐसी बातें कर रहे हैं । हमारे चीफ मिनिस्टर साहब ने,He has announced the setting up of a Special Court immediately. The Chief Justice of Andhra Pradesh High Court has agreed to appoint a sitting Judge of the High Court to preside over the Special Court. The Special Court will deal with the matter and action will be taken against those who are found guilty. Nobody will be spared in the reign of Mr. Chandrababu Naidu. Sir, before 1983 when the TDP came into power: एन. टी. रामाराव की हुकूमत से लेकर आज चन्द्रबाबू नायडू की हुकूमत तक कभी भी कम्युनल राइट्स नहीं हुए । उससे पहले, 1983 से पहले राइट्स नहीं थे, 89 के टाईस में राइट्स थे तो आप यह सोचें कि इसके पीछे कौन हैं ? चेन्ना रेड्डी साहब.... हम किसी के ऊपर इलजाम नहीं लगान चाहते, सिर्फ हमारे वेंकैया नायडू साहब ने क्वोट किया कि चेन्ना रेड्डी साहब के टाईम में चेन्ना रेड्डी साहब ने खुद पत्रकारों को बताया कि मेरे आदमियों ने विजयवाड़ा से गुंडों को लाकर मुझे गद्दी से हटाने के लिए यह काम करा, ऐसा बोला ....(**व्यवधान**).... सर, यह बात मैंने कही हैं तो उन लोगों को दुख हो रहा हैं । इसके साथ ही मैं दूसरा क्वोट करूंगा । ....(**व्यवधान**)....

SHRI K.M. KHAN: Sir, he is misleading the House. I strongly object to this. *(Interruptions)*

**डा. अलादी पी0 राजकुमार** : सर, इसी सदन में......

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI MD. SALIM): Mr. Rajkumar, you are a senior leader. यह बात वेंकैया नायडू जी ने बोली। मैंक्सिमम तकरार भी हो गई। अब फिर रिपीट करने की जरूरत नहीं हैं जो बात हो गई।

**डॉ0 अलादी पी0 राजकुमार** : नहीं सर, मैं इसको दोहराना नहीं चाहता हूं। आप मेहरबानी करके मुझे सुनिए।

SHRI C. RAMACHANDRAIAH: Sir, is it wrong to quote the old incident? *(Interruptions)*

THE VICE-CHAIRMAN: Mr. Ramachandraiah, please sit down. Your leader is speaking. Take your seat. I have not permitted you. Nothing will go on record. *(Interruptions)*

**डॉ0 अलादी पी0 राजकुमार** : सर, इसी सदन में कई बार मेरे साथी मैम्बर्स ने जिन्होंने अच्छे काम किए तो इंदिरा जी का नाम लिया, राजीव जी का नाम लिया। उन लोगों को यह महसूस नहीं हुआ कि जो लोग गुजर गए, उन लोगों का नाम यहां लेना ....**(व्यवधान)**.....

SYED SIBTEY RAZI (Uttar Pradesh): Sir, I am on a point of order.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI MD. SALIM): What is your point of order?

SYED SIBTEY RAZI: Sir, this has been the tradition in this House that we do not make any allegations against a person who is not alive. Yesterday, the Chair has given a ruling that a person who cannot defend himself here, his name should not be taken and no allegations should be made against him. Now, the hon. Member is alleging that Mr. Chenna Reddy himself has said that goondas came. *(Interruptions)*

DR. ALLADI P. RAJKUMAR: Sir, this is on record. I can produce a copy of that record before the House.

SYED SIBTEY RAZI: Sir, I request you that such remarks should not go on record, and, if necessary, you kindly give a ruling on this.

**डॉ0 अलादी पी0 राजकुमार** : अच्छा काम करें तो नेता लोगों का नाम लेते हैं। तब नहीं होता। ...**(व्यवधान)**...

मैंने इसी सदन में कई बार आपके ...**(व्यवधान)**...

**सैयद सिब्ते रजी** : अच्छा काम करने की तारीफ करना और किसी पर ऐलीगेशन लगाना ...**(व्यवधान)**...

**डॉ0 अलादी पी0 राजकुमार** : ऐलीगेशन नहीं लगा रहा हूं, कोट कर रहा हूं। ...**(व्यवधान)**...

Sir, I am quoting. I am not making any allegation. I have regard for late Mr. Chenna Reddy. I know Mr. Chenna Reddy very well ....*(Interruptions)*....

SHRI C. RAMACHANDRAIAH: Sir, we are not levelling any allegations.

**उपसभाध्यक्ष (श्री मोहम्मद सलीम)** : रामचन्द्रैया जी, आप बैठ जाइए। आप नये मैबर हैं, आप बैठ जाइए। ...**(व्यवधान)**...

Please sit down. ...*(Interruptions)*... Please sit down. Let me handle it. Let me give a ruling.

राजकुमार जी, मैंने आपको बताया कि प्रीलिंच सैशन में भी यह बात उठाई गयी थी। कंट्रोवर्सी भी हुई थी। यह बात रिकार्ड में हैं। फिर यह सवाल भी उठा था। इसलिए Please don't repeat the same thing. Mr. Sibtey Razi, I will go through the record. If there is any specific allegation made against any person, I will find out and I will take appropriate action.

**डॉ0 अलादी पी0 राजकुमार** : उपसभाध्यक्ष महोदय, तो हमारे चीफ मिनिस्टर साहब ने इमीडिएटली सैंसटिव एरिया में कंट्रोल रूम लगाया।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI MD. SALIM): You have to conclude now. You have already consumed more time than what is allotted to you.

**डॉ0 अलादी पी0 राजकुमार** : सर, मैं हैदराबाद शहर का हूं। मुझे बहुत तकलीफ होती हैं...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI MD. SALIM): Most of the Members who have taken part in it come frotai that State.

**डॉ0 अलादी पी0 राजकुमार :** सर, असली बात बोलने के लिए भी आप मुझे टाइम नहीं देंगे तो मैं कुछ नहीं कर सकता।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI MD. SALIM): You have to conclude now. We cannot discuss the same issue the whole day.

DR. ALLADI P. RAJKUMAR: Sir, you give me some time to express my views.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI MD. SALIM); Okay. Please conclude.

DR. ALLADI P. RAJKUMAR: Sir, a special court with a sitting Judge has been constituted by the Chief Justice of Andhra Pradesh. A control room has been set up, and the culptirts have been identified, and definitely, they will be punished. They will be awared the servest punishment according to the judgement. An ex-gratia payment has been announced by the Chief Minister. During the riots, temples and mosques were burnt. Our Chief Minister has announced that those will be constructed at Government expense. Sir, ex-gratia payment for the people who have died, who have lost their property, has been announced. What else can be done? Sir, it is an unfortunate incident. Within 15-20 minutes this has been controlled. So, we all condemn it. Our State Government is taking all precautionary measures. There is no need to tell us that the crisis has occurred in Hyderabad or Andhra Pradesh. So, I condemn my colleague's statement. In Andhra Pradesh, law and order is excellent. This everybody knows, Sir-the Hyderabad law and order. हैदराबाद शहर में आज 12 बजे रात को भी एक औरत जा सकती हैं । That is the situation in the Telugu Desam regime. With these words, I am thankful to you, Sir, for giving me mis opportunity. Thank you very .much.

**श्री बंगारू लक्ष्मण (गुजरात) :** उपसभाध्यक्ष महोदय, यह जो हैदराबाद में घटना घटी हैं ? यह कहां जा रहा हैं कि कम्यूनल क्लैशिश, साम्प्रदायिक झगड़े थे। मुझे नहीं लगता कि यह कोई साम्प्रदायिक झगड़ा था।

कम्यूनल क्लैशिश तो उसको कहते हैं अगर दो कम्यूनिटीज़ आमने-सामने आ जाएं, एक दूसरे को पत्थर मारें या लाठी चला दें अथवा और कोई घटना घट जाए। लेकिन वहां तो इस प्रकार से नहीं हुआ हैं। वहां तो यह हुआ कि कुछ लोग जो असामाजिक तत्व थे, एक योजना के अनुसार, एक सुनियोजित योजना के अन्तर्गत, एक षडयंत्र के अन्तर्गत गए, उन्होंने कुछ टारगेट चुना, पर्टिकुलर कम्यूनिटी के लोगों को टारगेट बनाया और जो रास्ते में आया, उसको मारा-पीटा। यह तो कम्यूनल क्लेश नही था। वह सीधे-सीधे एक ऐंटी सोशल ऐलीमेंट जो डिटरमिंड हैं किसी न किसी प्रकार से अशांति फैलाने की दृष्टि से, वहां पर जो सद्भाव हैं, उसको समाप्त करने की दृष्टि से, इस पर तुले तुले हुए जो लोग हैं और जो इसके द्वारा अपनी दलगत राजनीति को साधना चाहते हैं, अपने ग्रुप की राजनीति को साधना चाहते हैं, उनका यह काम हैं। यह ठीक हैं कि इस प्रकार का जब पोस्टर कुछ दिन पहले निकला था तो उसकी बहुत ज्यादा कॉपीज़ नही थी।

यह तो बिल्कुल साफ नजर आ रहा था कि तोड़-मरोड़केर जोड़कर उसको बनाया गया था और बनाकर उसकी जीरोकस कापियां निकाल-निकालकर बांटी जा रही थी। पुलिस को इस विषय में जानकारी हो गई थी और उन्होंने पुलिस पिकेट्स दो-तीन जगहों पर लगा दिए थे लेकिन उन्हें मालूम था कि यह सब इतना करने से कंट्रोल नहीं हो सकता हैं क्योंकि जिस ढंग से इस पोस्टर का प्रचार करने की कोशिश हो रही थी, जगह-जगह लगाने की कोशिश हो रही थी, उससे यह लग रहा था कि कोई बहुत बड़ा हादसा होने वाला हैं। ये बिल्कुल साथ था और यह भी साफ था कि जब भी हैदराबाद के अंदर इस प्रकार की घटनाएं घटी हैं तो दुर्भाग्य से वह जुम्मे का दिन होता हैं, नमाज होती हैं और वहां से ये बातें होती हैं ...(**व्यवधान**)...

SHRI K.M. KHAN: Sir, I object to it. There are many incidents that happened on Fridays. ये हमारे नमाज पर ऑब्जेक्शंस लगा रहे हैं। ये कहते हैं कि नमाज पढ़कर प्रचार करते हैं। ...(**व्यवधान**)...

**उपसभाध्यक्ष (श्री मोहम्मद सलीम) :** प्लीज बैठिए ...(**व्यवधान**)...

**श्री के0 एम0 खान :** मैं इनसे साफ कह देना चाहता हूं कि यह गलत बात हैं और इसमें मुसलमानों का कोई मंसूबा नहीं हैं ...(**व्यवधान**)... ये तब से कह रहे हैं कि मंसूबा बनाया हैं। ये तब ये कह रहे हैं कि उसका पोस्टर

तैयार किया गया हैं । आज यह बात पुलिस के रिकॉर्ड में हैं और अखबारों में भी हैं कि ऐसा नहीं हुआ । पोस्टर बांटा गया और मुसलमानों ने कुछ नहीं किया सिवाय इसके कि उनके हाथ में इश्तहार था, वे गुस्सा थे और नारे लगा रहे थे । पुलिस की मजाहमत की वजह से यह सब हुआ । मैं आपसे कहना चाहता हूं कि यह पुलिस का रोल हैं लेकिन इसका मुसलमानों पर इल्ज़ाम मत लगाइए । ...(**व्यवधान**)

**उपसभाध्यक्ष** (**श्री मोहम्मद सलीम**) **:** मिस्टर खान, अगर इस तरह के हालात पैदा होते हैं तो यह ठीक हैं ....(**व्यवधान**)....

**श्री के0 एम0 खान :** मैंने यह नहीं कहा । जो हुआ हैं उस बात का जिक्र कर रहा हूं मैं ...(**व्यवधान**)... वह जुम्मे के दिन हुआ हैं यह बात साफ नहीं हैं । यह जुम्मे के दिन हुआ हैं ? ...(**व्यवधान**)...

**श्री बंगारू लक्ष्मण :** जहां से हुआ हैं, यह तो सभी लोग जानते हैं ...(**व्यवधान**)... मैंनेयह कहा कि दुर्भाग्य से यह हुआ हैं, दुर्भाग्य से यह हुआ हैं । देखिए अननैसेसिरली ये लोग कोशिश कर रहे हैं कि ...(**व्यवधान**)... पोस्टर के कारण कुछ नहीं हुआ हैं, पोस्टर के कारण अगर होना था तो 10 दिन पहले यह हुआ होता । दस दिनों तक तैयारी किसने की ? पेट्रोल कहां से जमा किया गया ? जो लोग इबादतखाने के पास आ रहे थे, उनकी जेबों में चाकू कहां से आ गए और अचानक बाहर निकलते ही लोगों के ऊपर अटैक कैसे होने लगा ? यह क्यों नहीं समझते आप ? हमने कहां कहा था कि सारे मुसलमानों की यह गलती हैं ? ये तो कुछ लोग जो अपनी दलगत राजनीति को साधना चाहते हैं, उनका यह काम था और इसीलिए मैं निश्चित रूप से यह मानता हूं कि पुलिस को जिस प्रकार का व्यवहार करके इसे रोकना चाहिए था, रोक सकती थी, इस प्रकार से उन्होनें व्यवहार नहीं किया । यह ठीक हैं कि घटना घटने के बाद पुलिस बहुत सक्रिया हो गई । पुलिस ने उसको कंट्रोल करने की कोशिश की और कामयाब भी हुई कुछ हद तक लेकिन एक बात इसमें से साफ होती हैं कि जब 10 दिन पहले ये सब बातें हो रही थीं, इस प्रकार का माहौल बन रहा था तो पुलिस के पास, सरकारी प्रशासन के पास, कुछ नाम ऐसे हैं जो पिछले कई वर्षो से इस प्रकार की घटनाओं में भाग, लेते रहे हैं, जो दोषी पाए गए हैं, जिनको सजा हुई हैं और कुछ चार्जशीट हुए हैं । इस प्रकार के साढ़े चार सौ लोग जो कम्युनल रायॅटस में पिछले दिनों भाग लेते रहे हैं, उन लोगों को पहले भी राऊंड-अप किया जा सकता था क्योंकि वही ऐलिमेंट्स बार-बार देखने को मिलते हैं इस प्रकार की घटनाओं में । सरकार को यह करना चाहिए था, उसने यह नहीं किया । पुलिस कमिश्नर ने बिल्कुल साफ कहा कि इसके पीछे एक षडयंत्र हैं । ...(**समय की घंटी**)... आई0 एस0 आई0 का नाम उन्होंने लिया हैं । उन्होंने एक नाम और भी लिया हैं दर्सगाह जियादे शहीद का यह एक नया संगठन खुला हैं और यहां डीजेएस के नाम से इनके लीफ्लैट्स आए दिन बंटते हैं और इस प्रकार की घटना होती हैं । ...(**व्यवधान**)...

**उपसभाध्यक्ष** (**श्री मोहम्मद सलीम** ) **:** अब आपको समाप्त करना चाहिए ।

**श्री बंगारू लक्ष्मण :** मैं कर रहा हूं देखिए, बीच में मुझे टोका गया था । इसीजिए इस तरह की बातें हो रही थीं । मुझे लगता हैं कि इसके पीछे जो कंस्पिरेसी हैं उसको बाहर निकलाने की आवश्यकता हैं । इसके पीछे कौन-कौन हैं, इसको देखने की आवश्यकता हैं । अब जुडिशियल कमीशन तो सरकार कर भी देगी लेकिन कमीशन की रिपोर्ट के आने के बाद क्या होगा ? क्योंकि हैदराबाद में यह पहली बार नहीं हो रहा हैं । जैसा पहले कहा गया था कि पिछले कई दिनों से ये घटनाएं समय-समय पर होती रही हैं और हमेशा कुछ न कुछ कमीशन बने, इंक्वायरी कमेटियां बनीं, हाई-पावर कमेटियां बनीं और इसके ऊपर अनेक बार विचार हुआ । उनकी रिकमंडेशंस सरकार के पास पड़ी हुई हैं । जैंसे रमणाचारी कमेटी की रिपोर्ट हैं । उन्होनें कहा हैं कि पुराने शहर में इस प्रकार की वारदात न हो, इसके लिए क्या किया जाना चाहिए, इस पर उन्होंने एक रिपोर्ट दी हैं ।

3.00 P.M.

...उन्होंने अपनी एक रिपोर्ट दी हैं । जस्टिंस कृष्णा राव कमीशन की रिपोर्ट थी । अनेक रिपोर्ट्स इस प्रकार की थीं । मेरा यह कहना हैं कि आज समय हैं इन पर विचार करके इनको क्रियान्वित करने के लिए कदम उठाने चाहिएं और जिस प्रकार के लोग वहां अरेस्ट हुए हैं, जिस प्रकार के लोग वहां ऑन दि स्पोट पाए गए हैं एक्स एम0 एल0 एज0, जिनको पकड़ा हैं वे 15 दिन की ज्यूडिशियल कस्टडी में हैं । के0 एम0 खान को इस प्रकार अपनापन फील करने की जरूरत नहीं हैं । वे इनकी जमात के नहीं हैं यद्यपि इनकी तरफ से यह हुआ हैं । मैं यह कहा रहा हूं...

SHRI NILOTPAL BASU: Sir, I am on a point of procedure.

SHRI BANGARU LAXMAN: Sir, I ctm not yielding.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI MD. SALIM): Let him make his point.

SHRI BANGARU LAXMAN: I am not ycilding.

SHRI NILOTPAL BASU: Sir, how long will this disucssion go on? This morning we came to an agreement ----------- Prof. Malhotra was also there ----------- that what wc did yesterday was a special occasion and that wc would try to limit ourselves while making Special Mentions. Sir, there are a number of speakers from one particular party who are going on speaking. Sir, if you decide that wc have to stay here till 12 o'clock to complete the discussion on the Budget, wc cannot cooperate.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI MD. SALIM): It will not go for long.

SHRI K.M. KHAN: Sir, what he is saying... *(Interruptions).*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI MD. SALIM): It will not go on record. Whatever Shri K.M. Khan says will not go on record. *(Interruptions).*

SHRI K.M. KHAN:*

**उपसभाध्यक्ष (श्री मोहम्मद सलीम ) :** आप बैठ जाइये, आप बैठ जाइये। जोश पैदा करने से यह कैसे होगा ? आपके बार में हम फिक्र करते हैं। **...(व्यवधान)...**

**श्री बंगारु लक्ष्मण :** मुझे पता नहीं यह कब से उनके हिमायती बन गए हैं। लगता हैं म्युनिसिपल कारपोरेशन चुनाव आने वाले हैं इसलिए ये सब बातें हो रही हैं। आने वाले चुनाव को द्दष्टि में रखकर राजनीतिक लाभ उठाने के उद्देश्य से यह मामला वहां उठाया गया हैं और उसकी यहां पर वकालत हो रही हैं।

**उपसभाध्यक्ष (श्री मोहम्मद सलीम ) :** मिस्टर लक्ष्मण सुनिए मेरी बात। मिस्टर लक्षमण प्लीज, व्यवहार की बात यह हैं कि मैं आपको एक बात बोलूं तो आप जस्ट रुक जाएं एक मिनिट के लिए, आधा मिनिट के लिए, प्लीज। सवाल यह हैं कि आपने भी ज्यूडीशियल इन्क्वायरी की मांग की हैं। टीडीपी के जो साथी बोल रहे थे वे भी बोले कि एक कमीशन बैठेगा सिटिंग जज को लेकर तो यह अच्छा होगा कि हम यहां विचार नहीं करें कि कौन दोषी हैं, किस तरह से दंगा भड़का। आप तो यह मांग कर रहे हैं कि ढूंढ़कर निकालना चाहिए कि कौन दोषी हैं, उसको छोड़ना नहीं चाहिए। लेकिन हम अगर यहां जजमेंट शीट पर बैठेंगे तो गलत होगा। रेस्ट्रिक्ट योअर सेल्फ।

**श्री बंगारु लक्षमण :** मैं तो वह बात कह रहा हूं जो आलरेडी अखबर में आ चुका हैं जो घटना घट चुकी हैं, जिनको अरेस्ट करके अंदर रखा हैं।

SHRI NILOTPAL BASU: Sir, how long will he speak? *(Interruptions).*

SHRI BANGARU LAXMAN: Sir, how can he say this. *(Interruptions).*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI MD. SALIM): It will not go on record. *(Interruptions).*

SHRI NILOTPAL BASU:*

SHRI BANGARU LAXMAN:*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI MD. SALIM): It will not go on record. Mr. Basu, please take your seat.

**उपसभाध्यक्ष (श्री मोहम्मद सलीम) :** मैं किसी को भी एलाउ नहीं करूंगा।

अब फैसला हो गया, बैठ जाइये। कम से कम चेयर को तो सुनिए।

**श्री बंगारू लक्ष्मण :** मैं आपसे ही मुखातिब हो रहा हूं। मैं आपसे ही बात कर रहा हूं।

**उपसभाध्यक्ष (श्री मोहम्मद सलीम) :** समाप्त करिए अपनी बात को।

**श्री बंगारू लक्ष्मण :** सर, मैं बिल्कुल समाप्त कर रहा हूं। मुझे बोलने दीजिए ताकि समाप्त कर सकूं।

**उपसभाध्यक्ष (श्री मोहम्मद सलीम) :** समाप्त कीजिए। आप बोल चुके हैं, तीन मिनिट की बात हैं और आप दस मिनिट बोले हैं और कितना बोलेंगे। स्पैशल मेंशन्स में तीन मिनिट बोलना होता हैं।

**श्री बंगारू लक्ष्मण :** सर, मैं यह कह रहा था कि कमीशन बैठ जाए। अभी देश में इस प्रकार के सोंसिटिव एरियाज हैं जिनका एक बहुत पुराना रिकार्ड बन गया हैं। इस प्रकार की घटनाएं बार-बार होती जा रही हैं। कई बार उनके बारे में सुझाव आते हैं लेकिन कुछ हो नहीं रहा हैं। हम पार्लियामेंट में चर्चा कर रहे हैं, केन्द्र सरकार भी इस दिशा में विचार करे किस इस प्रकार के जो सेंसिटिव एरियांज हैं इनके लिए क्या कुछ किया जा सकता हैं। इस पर विचार करके हम कोई सोल्युशन

---

*Not recorded.

निकालें। क्योंकि इनके कारण जो देश की हालत बन रही हैं वह बहुत खराब हो रही हैं। इसलिए मैं यह चाहता हूं कि जहां राज्य सरकार वहां जूडीशियल इन्कवायरी करें, केन्द्र सरकार भी इस प्रकार के सेंसिटिव एरियाज के बारे में अपनी एक स्ट्रेटजी बनाए, यह मेरा निवेदन हैं।

SHRI N.R. DASARI (Andhra Pradesh): Mr. Vice-Chairman, Sir, I rise to speak not to accuse any party or any political leader or leaders. So far as the sensitive problem of Hyderabad is concerned, of course, all of us should have a common consideration of restoring peace in the city and also of inspiring confidence, more so amongst the people of both the communities, in the disturbed areas of Hyderabad. For the last four days, the Secretary of the State Council of the CPI, Mr. Sudhakara Reddy, who is also a Member of the Lok Sabha, has been there in the city. He has led two peace marches, one yesterday and the other the day before yesterday. Our delegation also met different sections of the people belonging to both the communities. We also happend to meet the Chief Minister as well as the Home Minister of the State. Of course, our delegation has given its own suggestions about which I will tell you later. My point is, no volume of accusation or insinuation will help in solving the present impasse and all of us belonging to responsible parties, belonging to this august body, should try our best to cool, down the atmosphere not only here but also in the Hyderabad city and other parts of India because one should not take it as an isolated incident. If we do not take prompt steps immediately with a sense of responsibility and seriousness, it is very likely that it may spread over, wittingly or unwittingly. That is why I would like to make a fervent appeal to one and all to give up mutual accusations and insinuations, which will not serve any useful purpose except, of course, that it may serve, at best, the purpose of provoking the tension further. We suggested to the Chief Minister to conduct a judicial inquiry. It is good that the Chief Minister has agreed to set up a special court through which the culprits can be brought to book and be duly punished. There is no doubt about it. But, in this context, I want to bring to the notice of the Chair, of the Members belonging to all political parties, that there is a miserable failure of the Police Department in the city of Hyderabad. Nobody can deny it. It is quite evident that the Police Department, which is a part of the administration-of the State, has failed miserably. So, in order to take the police officials and persons who were responsible (for this failure to task, only a judicial inquiry can help us. A special court will not help in this. I am not opposed to the formation of a special court. But it will not do. I would, like to thank, the Chief Minister for agreeing to set up a special court. At the same time, through you. Sir, I would make an appeal to the Chief Minister to conduct a judicial inquiry into this matter and thereby help not only the city of Hyderabad but also the other parts of India so that such incidents do not occur again and again. While concluding, I want to say one thing frankly. There are miscreants. There are anti-social elements who tend to make such disturbances now and then. There are miscreants, anti-social elements in both the communities; both in minority community and the majority community in Hyderabad city. It was our sad experience in the past also. Miscreants of both the sides are responsible. There is no point in blaming each other in this House. That is why once again, before concluding, I request all of you to find a solution and to see that such things do not occur once again. It is not a question of dimension. A small incident in a particular city or a particular part of such a big country like India may flare up. Let us try to cool down, let us try to serve communal harmony in India. Thank you very much.

**श्री वसीम अहमद (उत्तर प्रदेश) :** वाइसचेयरमैंन साहब, हैदराबाद में रायट हुए, उसको ले कर के0 एम0 खान साहब से ले कर नायडु साहब तक और दूसरे। मैम्बरान ने बहुत तफसील से हाऊस के सामने बात

रखी। मैं उन डिटेल्ज़ में न जा कर और किसी के जज़बात को ठेस न पहुंचा कर चंद बातें हाऊस के सामने के किसी भी हिस्से में हो, मासूम लोग मारे जाते हैं, चाहे किसी भी कम्युनिटी के हों। लोगों को उसकी तकलीफ होती हैं और लोगों पर उसका असर पड़ता हैं। लेकिन हमें यह भी सोचना चाहिये कि आखिर वह कौन सी ताकते हैं जो इस मुल्क में चाहे वह हैदराबाद हो या मुल्क की कोई दूसरी जगह हो, इस मुल्क में कम्युनल टेंशन फैला कर अपना पोलिटिकल बेनिफिट उठाना चाहते हैं। जिस पेम्फ्लेट का यहां पर ज़िक्र किया गया उस पैम्फ्लेट में ज़ाहिर हैं कि किसी एक पर्टिकुलर कम्युनिटी के जज़बाल को, मज़हबी जज़बात को ठेस पहुंचाने की कोशिश की गई जिसके नतीजे में 5 तारीख से लेकर 8 तारीख तक हैदराबाद में जो हालान हुए, जिस तरीके, से वहां पर घरों में घुस कर औरतों और मासूम लोगों को, दुकानदारों को या स्टेट की प्रॉपर्टी जुलाई गई हो ज़ाहिर हैं कि वह मुल्क का नुकसान हैं और स्टेट का नुक्सान हैं। इस दो तारीख से लेकर 5 तारीक तक अगर चीज़े नहीं समझी गई तो इस पर भी हमें गम्भीरता के साथ सोच-समझ कर यह बात कहनी चाहिये कि आखिर ऐसी कौन सी वजूहात हैं जिनकी वजह से 2 तारीख या पहले जिन लोगों द्वारा यह पेम्फ्लेट बांटा गया था, 5 तरीख तक उस पर कोई नोटिस नहीं लिया गया। ज़ाहिर हैं कि जब-जब, जहां-जहां किसी भी कम्युनिटी के मज़हबी जज़बात को उभारने की कोशिश की जाएगी तो ज़ाहिर है कि बहुत से लोग समझदार नहीं भी होती हैं और उनकी समझ में नहीं आता हैं कि इसका रुख क्या बनेगा। क्योंकि उनका एक रुख बना, जुम्मे के बाद जो कुछ हुआ, उस के बारे में हाऊस के लोगों ने अपनी बातें रख दी हैं। आज सवाल यह नहीं हैं कि किस ने क्या किया हैं, सवाल यह हैं कि जिस तरीके से इन्सानियत को कुचला गया हैं और जिस तरीके से गवर्नमेंट की ड्यूटी पुलिस ने जो कुछ किया हैं, उस पर हमें और करना चाहिये। अभी हमारे दोस्त डा. राजकुमार साहब कह रहे थे कमांडर की बात। देखिये, कमांडर तो आप थे हमारे लेकिन पिछले तीन महीने से आपका जो पोलिटिकल अलाएंस बदला उसकी वजह से भी हैदराबाद में जो पिछले 8 साल से सुकून का माहौल था, जिस हैदराबाद में पिछले 8 साल से आपकी हुकुमत थी, वहां पर कोई रायट नहीं हो रहा था। आज आपका अलाएंस बदलने की वजह से रायट ने टर्न लिया और हैदराबाद में रायट हुए। इस पर भी हमें पूरी ईमानदारी के साथ सोचना चाहिये कि कौन सी सियासी गलती हुई हैं। ...(**व्यवधान**)

DR. ALLADI P. RAJKUMAR: Sir, 1 am on a point of order. He is unnecessarily blaming. *..(Interruptions)...*

यह बहुत गलत हैं ...(**व्यवधान**)

**श्री वसीम अहमद** : सुन लीजिये न राजकुमार जी। ...(**व्यवधान**)

SHRI BANGARU LAXMAN: Sir, ... *(Interruptions)...*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI MD. SALIM): Both of you got a chance, let him conclude. *(Interruptions)* We are making an appeal to you. It is not an allegation or something. *(Interruptions)*

**उपसभाध्यक्ष** (**श्री मोहम्मद सलीम**) : आप बैठ जाइए। यू कन्क्लूड ...(**व्यवधान**)

**श्री वसीम अहमद** : अब मैं उस पर अगर डिटेल में जाना चाहूंगा तो आपको...

**उपसभाध्यक्ष** (**श्री मोहम्मद सलीम**) : नहीं, नहीं, आप डिटेल में नहीं जाएंगे।

**श्री वसीम अहमद** : मैं डिटेल में नहीं जा रहा हूं। मैं नहीं जाना चाहता हूं। मैं तो सिर्फ हैदराबाद पर कन्सनट्रेट करना चाहता हूं। इसलिए मैं खुद अदर एलायंसेज पर नहीं जाना चाहता हूं और मुझे जाना भी नहीं चाहिए। आपको हमारे साथ फिर आना चाहिए ...(**व्यवधान**) हम भी आ सकते हैं। मैं सिर्फ यह बात कहना चाहता हूं कि तीन महीने के अंदर ...(**व्यवधान**) यह बात सिर्फ हैदाराबाद की नहीं हैं। आप देखिए चाहे राम टेम्पुल के सवाल को लेकर हो, पूरे इस मुल्क में एक टेंशन फैलाया जा रहा हैं और इस पूरे मुल्क के अंदर एक खास माहौल पैदा किया हैं ताकि हिंदू और मुसलमान आपस में डिवाइड हो जाएं और इस मुल्क में फिर अगर इलेक्शन हों तो हिंदू और मूसलमानों के नाम पर हो।

मैं उनको जो टी0 डी0 पी0 के एलाइड हैं, वार्न करना चाहता हूं कि अब यह मूल्क उनके किसी रिलीजियम नारे में नही आएगा। आप लोग समझ चुके हैं कि इस मुल्क में जो नफरत का माहौल आप फैलाना चाहते हैं वह अब नहीं फैल पाएगा।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI MD. SALIM): You conclude now.

**श्री वसीम अहमद** : मैं अपनी बात यहीं पर खत्म करते हुए तीन चीजें कहना चाहता हूं और ज्यादा तफसील में नहीं जाना चाहता हूं ...(**व्यवधान**)

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI MD. SALIM): Please sit down, Mr. Alladi P. Rajkumar.

**श्री वसीम अहमद :** मैं यह चाहती हूं कि एक पार्लियामेंट्री कमेटी हैदराबाद में जाए जो फैक्ट फाइंडिंग कमेटी हो और वह फैक्ट फाइंडिंग कमेटी दोनों हाउसेज में अपनी रिपोर्ट को पेश करे । एक सी0 बी0 आई0 की इंक्वायरी करायी जाए कि जो पैम्फलोट बांटे वह किसन बांटे ? तीसरी चीज, जो भी हो वह टाइम बाउंड इंक्वायरी हो । जो भी कमीशन एप्वाइंट हो उसे यह मालूम हो कि एक महीने के अंदर उसकी रिपोर्ट आनी चाहिए ताकि पूरे मुल्क को यह मालूम हो सके –क्योंकि आम तौर पर जब-जब इंक्वायरी कमीशन्स की रिपोर्ट को लिंगर आन किया जाता हैं तो वह कोल्ड स्टोरेज में चली जाती हैं उनका असर खत्म हो जाता हैं । तो एक या दो महीने के अंदर उसकी रिपोर्ट आनी चाहिए ताकि जो गिल्टी लोग हों चाहे वे पुलिस के हां या किन्हीं पार्टियों के लोग हों या मिसक्रीएंट्स हों या गुंडे हो, क्रिमिनल्स हों उनको सजा मिल सके, ताकि आइंदा इस मुल्क में भाईचारे का माहौल बन सके । इसमें सी0 बी0 आई की इंक्वायरी होनी चाहिए । बहुत –बहुत शुक्रिया ।

**डा. अलादी पी. राजकुमार :** मेरे अजीज दोस्त एक ख्वाब में हैं । उनको मालूम होना चाहिए कि गए हफ्ते इलेक्शन्स में चार में से तीन में ...(**व्यवधान**) हम जीते हैं ।

VICE-CHAIRMAN (SHRI MD. SALIM): Please. You have already spoken. You have already made this point during your speech. Please sit down.

**THE BUDGET (GENERAL), 1998-99—(Contd.)**

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI MD. SALIM): We will now take up further discussion on the General Budget. Shri M. Venkaiah Naidu—not present. Shri Bangaru Laxman. बजट पर बोलना हैं आपको ।

**श्री बंगारू लक्ष्मण (गुजरात) :** हां । सर, 1998-99 बजट पर बोलने के लिए आपने मुझे अवसर दिया मैं आपका आभारी हूं । मैं वित्त मंत्री जी को बधाई देना चाहता हूं कि उन्होंने एक सर्वस्पर्शी बजट को यहां प्रस्तुत किया । यद्यपि न्यूक्लियर एक्सप्लोजन्स के बाद सैंकशन्स आई और यह माना जा रहा था कि बजट बहुत हार्ड होगा, सब पर कर लगेंगे लेकिन वित्त मंत्री जी ने उसे –जिस अर्थ में लगा कि बहुत हार्ड होगा इस अपेक्षा में बैठे थे –उस प्रकार न करते हुए उन्होंने जो हमारे देश की आर्थिक नीति की दृष्टि से प्रयास किया । केवल इतनी ही नहीं पिछले बजट जो आए थे जिनको देश में एक ड्रीम बजट के नाम से, सपनो के बजट के नाम से सराहा गया था । उसके परिणाम कोई ठीक देश के सामने नहीं आए । हम सब को मालूम हैं कि जिस प्रकार की आर्थिक प्रगति की बात उसमें कही गई थी ग्रोथ की बात कही गई थी, उस प्रकार को ग्रोथ हम लोग एचीव नहीं कर पाए । जो हमारे देश की अर्थ व्यवस्था का सब से बड़ा आधार हैं एग्रीकल्चर, उस फ्रंट में हम लोग बहुत पीछे हो गए । इस प्रकार के सारे माहौल के अंदर यह बजट बनाने की जिम्मेदारी इस सरकार पर आई । इन सब बातों को ध्यान में रख कर देश के सामने एक निश्चित लक्ष्य रख कर उस लक्ष्य की तरफ ले जाने के लिए बजट के अंदर प्रयास किया गया हैं । आपने यह बिल्कुल ठीक कहा कि इस बजट को तैयार करते समय गांधी जी की वह बात जो उन्होंने गरीब को और सब से नीचे जो हमारा आदमी हैं उसको ध्यान में रख करके हमारे देश की योजनाएं बनें, देश की व्यवस्था बने, यह गांधी जी ने कहा था । भारतीय जनता पार्टी के प्रेरणा स्रोत पं0 दीनदयाल उपाध्याय हैं । उन्होंने भी दरिद्र नारायण की बात कही । अर्थ व्यवस्था को इसी पर से आंका जाएगा कि जो समाज की आखिरी सीढ़ी में बैठा हुआ आदमी हैं उसकी क्या स्थिति होगी । वह किस प्रकार से विकास की इस लहर में आएगा, विकास के इस रास्ते पर चल पड़ेगा ? उस पर से उस नीति की विजय को या उसकी हार को आंका जाएगा । इसलिए इन बातों को ध्यान में रख कर ही वित्त मंत्री जी ने इस बजट के अंदर बहुत सी बातों का उल्लेख किया है । उन्होनें विशेषकर ग्रामीण अर्थ व्यवस्था की तरफ और खेती की तरफ सारे राष्ट्र का ध्यान दिलाया हैं । उन्होंने एक नई एग्रीकल्चरल पालिसी की बात कही हैं और इस एग्रीकल्चरल पालिसी के अन्दर निश्चित रूप से बहुत दिनों से यह मांग हो रही थी कि देश के अंदर बहुत सी चीज़ो में हम लोगों ने पालिसी तो बनाई हैं लेकिन सारा देश और सारे देश की अर्थ व्यवस्था जहां से अपनी सारी प्रेरणा लेती हैं, जिस पर निर्भर करती हैं यह खेती हैं और उस खेती के बारे में अभी तक इस देश में एक राष्ट्रीय नीति नहीं बनी थी । उस खेती की नीति को बनाने की बात यहां पर कही गई हैं । निश्चित रूप से हमारे देश की 60 प्रतिशत खेती रेन फैड परिया से आती हैं ।